# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



रांची, रविवार 24 अगस्त 2025 I भाद्रपद शुक्ल प्रतिपदा, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 137 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


# महानगरों की तर्ज पर विकसित होगा रांची एयरपोर्ट क्षेत्र, 45.03 करोड़ स्वीकृत

- एयरपोर्ट से हिनू चौक मार्ग का 6 लेन चौड़ीकरण के साथ हार्ड एवं साफ्ट स्केप विकास का प्रावधान
- हिनू चौक से बिरसा चौक तक 6 लेन सड़क का सुदृ-ढ़ीकरण, हरियाली और लैंड स्केपिंग के साथ
- हवाई अड्डा से शहर के प्रवेशद्वार हिनू चौक के सुंदरी-करण एवं आधुनिकीकरण की योजना पारित









**शुभम संदेश। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एयरपोर्ट की ओर शहर के प्रवेशद्वार एयरपोर्ट रोड, हीनू चौक और बिरसा चौक मार्ग का विकास महानगरों की तर्ज पर करने का निर्देश दिया है. इस क्रम में नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने संबंधित पांच योजनाओं के लिए 45 करोड़ 03 लाख 64500 रुपये की मंजूरी दे दी है. नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने जुडको को जल्द निविदा निकाल कर क्रियान्वयन शुरू करने का निर्देश दिया है.

प्रधान सचिव कुमार ने कहा है कि शहरी नियोजन के तहत राजधानी के एयरपोर्ट क्षेत्र का आधुनिकीकरण एवं सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है, जिससे आने वाले मेहमानों को अच्छी अनुभूति प्राप्त हो. सुगम यातायात के निमित्त एयरपोर्ट से हिनू चौक तक सड़क सुदृढ़ीकरण के लिए 10 करोड़ 42 लाख 27 100 रुपये, हार्ड एवं साफ्ट स्केप ( हरियाली पूर्ण एवं प्रकाशयुक्त सजावट ) के लिए 14 करोड़,64 लाख 78800, हिनूनू से बिरसा चौक सड़क के सुदृढीकरण के लिए 7 करोड़ 50 लाख 73200 रुपये, हार्ड एवं साफ्ट स्केप के लिए 9 करोड़ 03 लाख 38800 रुपये और हिनू चौक व गोलंबर के विकास के लिए 3 करोड़ 42 लाख 46600 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है.

**एयरपोर्ट से हिनू चौक रोड :** 1.65 किमी वर्तमान रोड को यथासंभव 6 लेन बनाना, सतह नवीनीकरण, फुटपाथ, साइक्लिंग पाथ, स्मार्ट स्ट्रीट लाइट, फ्लोरिंग पैनल,एलइडी लाइटिंग, जनजातीय कला संस्कृति पर आधारित दीवारों पर चित्रकारी , पत्थर की कलाकृतिया, झारखंड की प्राचीन कला संस्कृति पर आधारित भव्य तोरणद्वार, लैंड स्केपिंग, डिजाइनदार पेड़ पौधे, पेयजल एवं प्रसाधन,खाली स्थान पर पार्क, पार्किंग.

### हिनू चौक से बिरसा चौक

1.2 किमी सड़क सतह नवीनीकरण के साथ सौंदर्यीकरण, 6 लेन का निर्माण , डिवाइडर की पेड पौधो से सजावट, लैंड स्केपिंग, पेवर ब्लॉक, फुटपाथ, साइकिल पाथ वे, सड़क के दोनो ओर छायादार वृक्ष , डिजाइनदार पौधे,आकर्षक स्ट्रीट एवं एलइडी लाइट, लैंड स्केपिंग, शौचालय.

### हिनू चौक का आधुनिकीकरण

कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का उन्यन, खाली स्थानो पर झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्तियां, वर्तमान के 12 मीटर के गोलंबर को 22 मीटर तक विस्तार, लैंड स्केपिंग, आधुनिक एलइडी लाइट, रंग बिरंगे लाइट,हरियाली के खूबसूरत पेड़–पौधे.

## ब्रीफ न्यूज

### दुष्कर्म के आरोप में एएसआई गिरफ्तार

**जामताड़ा।** जामताड़ा के फतेहपुर थाना के एएसआई विरंची प्रसाद भोक्ता को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है. उसके खिलाफ एक आदिवासी विधवा महिला ने जबरन घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है. घटना बुधवार रात की है. महिला ने बताया है कि आरोपी उनके घर की खिड़की तोड़कर अंदर घुसा था. विरोध करने पर उसने मुंह दबाया और मारपीट की. पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी. फतेहपुर थाना प्रभारी कुंदन वर्मा ने बताया कि आरोपी एएसआई के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है.

### बस की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौत, एक घायल

**रातू।** रातू थाना क्षेत्र के ब्रजपुर स्थित वैष्णवी पेट्रोल पंप के पास शनिवार दोपहर तेज रफ्तार यात्री बस ने स्कूटी सवार को कुचल दिया. हादसे में काठीटांड़ निवासी 52 वर्षीय अजय साहू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे संजय साहू घायल हो गए. दोनों सड़क पार कर रहे थे तभी मेदिनीनगर से आ रही रजनीगंधा बस ने टक्कर मार दी. अजय साहू बस के पहिए में फंस गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने दोनों वाहन जब्त कर जांच शुरू कर दी है.

### अधिवक्ता के आश्रितों को दी गई मुआवजा राशि

**दुमका।** दुमका जिला अधिवक्ता संघ ने दिवंगत अधिवक्ता के आश्रितों को शनिवार को मुआवजा राशि का भुगतान किया गया. मुआवजा राशि झारखंड अधिवक्ता कल्याण कोष, रांची से अधिवक्ताओं के आश्रितों को महासचिव राकेश कुमार और संयुक्त सचिव सोमनाथ डे ने संयुक्त रूप से चेक के रूप में दिया.दिवंगत अधिवक्ता निर्भय कुमार झा के आश्रितों को 3.20 लाख रुपए का चेक दिया गया.

### शिकंजे में आंतक का पर्याय मयंक सिंह उर्फ सुनील सिंह मीणा

# अजरबैजान से कड़ी सुरक्षा के बीच रांची लाया गया

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में अपराध की दुनिया से जुड़ा एक बड़ा नाम मयंक सिंह उर्फ सुनील सिंह मीणा को शनिवार सुबह अजरबैजान से प्रत्यर्पण के बाद रांची लाया गया. लॉरेंस विश्नोई और दिवंगत अमन साहू जैसे कुख्यात अपराधियों के नेटवर्क से जुड़े मयंक को झारखंड एटीएस की टीम ने कड़ी सुरक्षा के बीच बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उतारा. इसके बाद उसे सीधे एटीएस मुख्यालय ले जाकर पूछताछ की गई. कानूनी प्रक्रिया के तहत उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर पुलिस रिमांड की मांग की जाएगी.



**रामगढ़ और पतरातू में दर्ज हैं गंभीर मामले :** झारखंड एटीएस के अनुसार, मयंक सिंह के विरुद्ध रामगढ़ और पतरातू (भदानीनगर) थानों में कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं. इनमें से एक मामला, कांड संख्या 175/22 में साक्ष्य जुटाने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था. इसके आधार पर मयंक के खिलाफ इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराया गया.

**अजरबैजान से गिरफ्तारी और प्रत्यर्पण प्रक्रिया :** रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर 29 अक्टूबर 2024 को अजरबैजान पुलिस ने मयंक को हिरासत में लिया था. इसके बाद अजरबैजान सरकार ने भारत से आवश्यक दस्तावेज मांगे. गृह मंत्रालय के माध्यम से झारखंड एटीएस ने 'एक्स्ट्राडिशन डोजियर' प्रदान किया. बाकू स्थित अपराध न्यायालय में लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद 27 जनवरी 2025 को अदालत ने मयंक को भारत प्रत्यर्पित करने की अनुमति दी. सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद अब उसे भारत लाकर विधिक कार्यवाही की जा रही है.

**झारखंड का पहला अपराधी जिसे विदेश से लाया गया प्रत्यर्पित कर:** मयंक सिंह झारखंड का पहला ऐसा अपराधी है, जिसे विदेशी धरती से औपचारिक प्रत्यर्पण प्रक्रिया के तहत भारत लाया गया है. राजस्थान निवासी मयंक उर्फ सुनील मीणा एक शातिर अपराधी है, जो अत्याधुनिक हथियारों और ऐशो-आराम की जिंदगी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर सुर्खियों में रहा करता था.

**पहचान में लगी पांच साल की मेहनत :** पिछले पांच वर्षों तक झारखंड पुलिस को यह स्पष्ट नहीं था कि मयंक सिंह वास्तव में कौन है. झारखंड एटीएस की लगातार कोशिशों के बाद यह खुलासा हुआ कि वह दरअसल राजस्थान का रहने वाला सुनील मीणा है, जो विदेश से बैठकर झारखंड में आपराधिक गतिविधियों का संचालन कर रहा था. इस खुलासे के बाद उसके खिलाफ इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस जारी हुआ और अंततः उसे अजरबैजान की राजधानी बाकू में गिरफ्तार किया गया.

### कोइहारा में ग्रामीणों का चक्का जाम, सीसीएल रजरप्पा को लाखों का नुकसान

# बिजली, पानी और सड़क की समस्याओं को लेकर जताया विरोध, छह घंटे बाधित रहा उत्पादन कार्य



**शुभम संदेश। रामगढ़**

सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के वेश वर्कशॉप के समीप शनिवार सुबह कोइहारा गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने विभिन्न मांगों को लेकर सड़क जाम कर दिया, जिससे सीसीएल का उत्पादन और ट्रांसपोर्टिंग कार्य छह घंटे तक बाधित रहा. प्रदर्शनकारी ग्रामीण बिजली कटौती, पेयजल संकट, खराब सड़कों समेत अन्य समस्याओं से नाराज थे और सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.

चक्का जाम की वजह से सीसीएल को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है. ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक वे विरोध जारी रखेंगे.

जाम की सूचना मिलते ही सीसीएल के पीओ ललन कुमार राय, मैनेजर श्रवण कुमार और सुरक्षा पदाधिकारी आशीष झा मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया. बाद में रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के आश्वासन पर कि उनकी मांगों को जल्द ही सीसीएल प्रबंधन तक पहुंचाया जाएगा और समाधान की दिशा में कदम उठाए जाएंगे, तब जाकर जाम समाप्त हुआ और आवागमन बहाल हुआ.

विरोध प्रदर्शन में चितरंजन महतो, गणेश महतो, संजय मुंडा, अर्जुन महतो, वार्ड सदस्य बबीता देवी सहित कई ग्रामीण शामिल रहे. ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे फिर से आंदोलन करेंगे.

## जंगल में एसिड से जला मिला लापता छात्र का शव, पुलिस जांच में जुटी

**बोकारो।** बोकारो जिले के नावाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बाराडीह गांव के पास जंगल में एक 18 वर्षीय छात्र सूरज महतो का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. छात्र दो दिनों से लापता था. शुक्रवार की शाम जंगल में मवेशी चराने गए ग्रामीणों ने उसका शव देखा. सूचना मिलते ही बेरमो सर्किल इंस्पेक्टर नवल किशोर सिंह और थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की.पुलिस के अनुसार, शव पर एसिड से जलाए जाने के स्पष्ट निशान हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि छात्र की हत्या बेहद क्रूर तरीके से की गई है. घटनास्थल से छात्र का मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिससे मौत के कारणों की पुष्टि हो सके. वहीं, पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है.

## नगड़ी में रिम्स-2 स्थल के 200 मीटर क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू, 5 से अधिक लोगों के जुटने पर रोक

**शुभम संदेश। रांची**

कांके अंचल अंतर्गत मौजा नगड़ी स्थित प्रस्तावित रिम्स–2 क्षेत्र में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है. सदर अनुमंडल अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के तहत जारी आदेश के अनुसार, रिम्स–2 के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है. प्रशासन के अनुसार, रिम्स–2 के सीमांकन और फेंसिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन इस दौरान वहां लोगों की भीड़ जुटने लगी थी और कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अंदर प्रवेश करने और माहौल बिगाड़ने की आशंका जताई गई थी. इन्हीं कारणों से यह निषेधाज्ञा लागू की गई है.

जारी आदेश के अनुसार, इस क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक लोगों का एकत्रित होना प्रतिबंधित रहेगा (सरकारी कार्य, कार्यक्रम एवं शवयात्रा को छोड़कर), ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं किया जा सकेगा. किसी भी प्रकार के हथियार जैसे बंदूक, रिवॉल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलने की अनुमति नहीं होगी (सरकारी कर्मियों को छोड़कर). लाठी, डंडा, तीर-धनुष, भाला आदि जैसे हरवे-हथियार ले जाना प्रतिबंधित रहेगा,किसी भी प्रकार की बैठक या आमसभा का आयोजन नहीं किया जा सकेगा. यह निषेधाज्ञा तत्काल प्रभाव से लागू की गई है और आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी.

## कोडरमा जिला कल्याण पदाधिकारी बेहोशी की हालत में मिलीं, हालत नाज़ुक, रांची रेफर

**कोडरमा।** कोडरमा जिला कल्याण पदाधिकारी शीतल उषा किरण कांडील शनिवार को अपने दूधिमाटी स्थित किराए के आवास में बेहोशी की हालत में पाई गईं. उन्हें तत्काल कोडरमा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया.घटना की जानकारी पदाधिकारी के चालक शंकर कुमार ने दी. उनके अनुसार, वे रोज की तरह सुबह 9 बजे मैडम को दफ्तर ले जाने पहुंचे थे, लेकिन दरवाजा खटखटाने और कई बार फोन करने पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली. करीब एक घंटे के इंतजार और प्रयासों के बाद मकान मालिक की मदद से दरवाजा तोड़ा गया, तब मैडम को बेहोश पाया गया. सदर अस्पताल के डीएस डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि पदाधिकारी के सिर पर गंभीर चोट है और ब्लड क्लॉटिंग की आशंका जताई गई है.गौरतलब है कि शीतल उषा किरण कांडील ने हाल ही में 8 अगस्त को कोडरमा जिला कल्याण पदाधिकारी का पदभार ग्रहण किया था.

# मणिपाल मेडिकल कॉलेज में छात्र की मौत के बाद साथियों का फूटा गुस्सा

### धरने पर बैठे छात्र, एसोसिएट डीन और ट्रांसपोर्ट हेड पर कार्रवाई की मांग रखी

**शुभम संदेश। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के बारीडीह स्थित मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज में तीसरे वर्ष के एमबीबीएस छात्र दिव्यांशु पांडे की मौत ने कॉलेज परिसर को झकझोर कर रख दिया है. टाटा मेन हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दिव्यांशु ने दम तोड़ा, जिसके बाद शनिवार सुबह से ही कॉलेज का माहौल तनावपूर्ण हो गया. करीब 9:30 बजे से 250 से अधिक छात्र धरने पर बैठ गए और कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की.छात्रों का आरोप है कि आपात स्थिति में कॉलेज की लापरवाही दिव्यांशु की मौत का कारण बनी. एंबुलेंस 40 मिनट देरी से पहुंची, जबकि दिव्यांशु को हॉस्टल से नीचे लाने में भी 15 मिनट लग गए. छात्रों का मानना है कि यदि समय पर एंबुलेंस और चिकित्सा सुविधा मिल जाती, तो दिव्यांशु की जान बच सकती थी.



गुस्साए छात्रों ने एसोसिएट डीन (स्टूडेंट अफेयर्स) डॉ. विनय और ट्रांसपोर्ट हेड सुमित झा के इस्तीफे की मांग की है. आरोप है कि डॉ. विनय छात्रों के साथ मानसिक उत्पीड़न करते हैं, जबकि सुमित झा समय पर एंबुलेंस की व्यवस्था करने में विफल रहे. छात्रों का कहना है कि जब तक दोनों अधिकारियों को पद से नहीं हटाया जाता, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा.

छात्रों ने कॉलेज प्रशासन पर हॉस्टल की खस्ता व्यवस्था, आपातकालीन सुविधाओं की कमी और मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग जैसी ज़रूरी सेवाओं की लगातार अनदेखी का आरोप लगाया है. वे हॉस्टल में 24 घंटे मेडिकल इमरजेंसी, स्थायी एंबुलेंस और मानसिक स्वास्थ्य सहयोग की व्यवस्था की मांग कर रहे हैं.दिव्यांशु की मौत ने कॉलेज प्रबंधन की कार्यशैली और आपातकालीन स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया, तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है.

# सरायकेला में भारी बारिश का कहर दो हादसों में तीन की मौत, दर्जनों घायल

**शुभम संदेश। सरायकेला**

सरायकेला जिले में भारी बारिश से दो अलग-अलग जगहों पर मिट्टी के मकान गिर गए, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और 10 से अधिक लोग घायल हुए हैं. पहली घटना राजनगर थाना क्षेत्र के डांडू गांव में शुक्रवार शाम भारी बारिश के चलते एक मिट्टी का मकान ढह गया. हादसे में अरविंद लोहार (7) और उसकी मां शांति लोहार (27) की मौके पर ही मौत हो गई. घर के बाकी 8 लोग भी मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए. ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए मलबा हटाया और घायलों को 108 एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया. प्राथमिक इलाज के बाद सात घायलों को एमजीएम अस्पताल रेफर किया गया. प्रशासन की ओर से प्रखंड विकास पदाधिकारी मलय कुमार और मुखिया सानो टुडू मौके पर पहुंचे और राहत कार्य का निरीक्षण किया.



दूसरी घटना खरसावां की है. शनिवार सुबह खरसावां थाना क्षेत्र के कोल शिमला गांव में मुन्ना बोदरा का मकान गिर गया. हादसे में उनके 5 साल के बेटे बाजे बोदरा की मौत हो गई. मुन्ना बोदरा, उनकी पत्नी अनुष्का और ढाई साल की बेटी गुरबारी घायल हो गए. स्थानीय लोगों ने समय पर पहुंचकर मलबा हटाया और सभी को अस्पताल पहुंचाया. बाजे बोदरा को को डॉक्टरों ने मृत घोषित किया. बाकी तीनों का इलाज चल रहा है. उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह ने घटनाओं को दुखद बताया और कहा कि प्रभावित परिवारों को पंचायत और सामुदायिक भवन में अस्थायी रूप से शिफ्ट किया गया है. राहत और बचाव कार्य जारी है.

## बुंडू के सरजमडीह में कांची नदी पर एक और पुल का खंभा धंसा

# प्रशासन ने पुल पर भारी वाहनों के प्रवेश पर लगाई रोक

### अड़की प्रखंड के दर्जनों गांव का बुंडू से संपर्क टूटने की आशंका



राधागोविंद महतो। बुंडू/ रांची

राज्य में पिछले कई दिनों से रही लगातार वारिस से नदियां उफान पर हैं. इसी क्रम में शनिवार को कांची नदी का यहां रौद्र रूप देखने को मिला, जिसमें बुंडू प्रखंड के सरजमडीह गांव में कांची नदी पर बने एक और उच्च स्तरीय पुल का एक खंभा धंस गया. इससे पूर्व कांची नदी पर बुंडू के ही बूढ़ाडीह पुल, तमाड़ के बामलाडीह पुल, सोनाहातू के हारिन घाट पुल और अब सरजमडीह पुल धंस गया. यह पुल बुंडू -तमाड़ और अड़की प्रखंड के कई गांवों को जोड़ता है.

**नदीं के बालू की निकासी, घटिया निर्माण:** सरजमडीह गांव के पूर्व मुखिया तुलसी मुंडा,चापुडीह के हरिनारायण सिंह मुंडा, बारिगढ़ा के लुंडा मुंडा, सनातन मुंडा, हरि पाहन, सुशील मुंडा इत्यादि ने बताया कि पुल का खंभा धंसने का असल दो कारण है, एक तो कांची नदी से लगातार बालू की निकासी और दूसरे ठीकेदार द्वारा घटिया निर्माण कार्य करना. इस पुल के क्षतिग्रस्त होने से कोटा, मायपा, एयोरडीह, सारगेया, बालीगढ़ा, राउता, करोडा, हाकाडूबा, डाड़ीगुटु, कुरकुटा, हाबुडीह , चापुडीह, बारेडीह, सहित और लगभग एक दर्जन से भी कुछ ज्यादा गांवों के लोगों का बुंडू से संपर्क टूट जाएगा.

बर्तमान में उपरोक्त सभी गांव के लोग भले ही वे अड़की और तमाड़ प्रखंड के हैं, लेकिन बुंडू बाजार को वो सहज मानते हैं, इनके बच्चे भी बुंडू के ही स्कूलों में पढ़ते हैं. इस पुल से होकर तीन स्कूल बसों के साथ कई ऑटो और सवारी वाहनों से यहां के बच्चे स्कूल जाते हैं. इसके अलावा इस पूल से होकर खूंटी जाने का मार्ग आसान है। यों कहें कि इस पूल से हर रोज पांच सौ के आसपास छोटी बड़ी वाहनें चलती है. जो यहां के लोगों का जीवन रेखा भी कह सकते हैं. किसी भी संभावित दुर्घटना से बचाव के लिए पुलिस प्रशासन ने पुल पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने का बोर्ड लगा दिया है. इस संदर्भ में लोगों ने इस पुल का खंभा धंसने लिए जिम्मेदार लोगों पर कानूनी कारवाई की मांग की है.

## उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कांके के पूर्व सीओ स्व जयकुमार राम को श्रद्धांजलि दी



शुभम संदेश। रांची

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची पर झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी कांके के पूर्व अंचलाधिकारी दिवंगत जयकुमार राम के पार्ति शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. उपायुक्त ने परिजनों को ढाढस बंधाते हुए कहा कि जिला प्रशासन इस दुखद समय में आपके साथ हैं. ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और आपके शोकाकुल परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति दें. मौके पर अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू, किस्टो कुमार बेसरा एवं जिला के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे.

## स्वर्णिम भारत एक्सपो 2025 का भव्य समापन: युवाओं ने लिया विकसित भारत का संकल्प

# बाबूलाल मरांडी ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का आह्वान किया

शुभम संदेश। रांची

परिचित फ़ाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वर्णिम भारत एक्सपो 2025 का शनिवार को सरला बिरला यूनिवर्सिटी के कला मंडपम हॉल में शनिवार को समापन हुआ. तीन दिवसीय इस आयोजन में राज्य के 49 स्कूल, 26 यूनिवर्सिटियों और विभिन्न संस्थानों से आए हजारों छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों और उद्यमियों की जोशपूर्ण भागीदारी ने इसे ऐतिहासिक बना दिया. लगभग 15,000 से अधिक लोगों की उपस्थिति ने एक्सपो को राज्य के सबसे बड़े युवा-आधारित आयोजनों में से एक बना दिया. कार्यक्रम का संयोजन राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा की देखरेख में किया गया.

बतौर मुख्य अतिथि झारखंड भाजपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि स्वर्णिम भारत एक्सपो ने युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा को राष्ट्रीय मंच प्रदान किया है. इस तरह के आयोजनों से न केवल युवाओं को अवसर मिलता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में ठोस कदम भी बढ़ते हैं. झारखंड जैसे राज्य में इस स्तर का आयोजन होना गर्व की बात है. आने वाले समय में इसे और बड़े पैमाने पर आयोजित किया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक युवा इसमें भाग लेकर अपने नवाचार और संकल्प को सामने ला सकें." साथ ही मरांडी ने युवाओं को 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्रधानमंत्री के साथ कदम से कदम मिला कर प्राप्त करने का संकल्प दिलाया. मरांडी ने युवाओं से सीधा संवाद करते हुए कहा कि भारत का भविष्य उनके हाथों में है और जब युवा सपनों को मेहनत और ईमानदारी से जोड़ते हैं, तो देश की दिशा और दशा बदल जाती है. उनके इन शब्दों ने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद हर युवा में नई ऊर्जा और राष्ट्र-निर्माण का संकल्प जागृत किया.

राज्यसभा सांसद आदित्य साहू इस एक्सपो में हजारों युवाओं की भागीदारी ने यह साबित कर दिया है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है. यहां प्रदर्शित नवाचार, तकनीकी विकास और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ प्रेरणा का स्रोत हैं. यह आयोजन झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणादायी है.

सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि उन्होंने इतने बड़े स्तर पर युवाओं और संस्थानों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया. एक्सपो में लगे आकर्षक स्टॉल और प्रस्तुतियां इस बात का प्रमाण हैं कि हमारे युवा नई सोच और शोध से भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जाने के लिए तैयार हैं.



### एक्सपो की विशेषताएं

तीन दिनों तक चले इस एक्सपो ने विविध आयामों को सामने रखा, जिनमें प्रमुख थे: नवाचार और तकनीक – स्टार्टअप्स एवं शैक्षणिक संस्थानों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स ने भारत की नई तकनीकी दिशा और अनुसंधान की झलक प्रस्तुत की..आत्मनिर्भर भारत की झलक – विभिन्न सरकारी संस्थानों और संगठनों ने 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसे अभियानों को प्रदर्शित किया. युवा सशक्तीकरण – हजारों छात्रों, शोधार्थियों और नवप्रवर्तकों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा और शोध क्षमता का प्रदर्शन किया.

### सांस्कृतिक धरोहर

मंच पर प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भारत की विविधता और समृद्ध परंपरा को जीवंत किया. इस एक्सपो ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत का युवा वर्ग सिर्फ सपने देखने वाला नहीं बल्कि उन्हें साकार करने के लिए प्रतिबद्ध भी है. झारखंड की धरती से उठी यह आवाज़ पूरे देश के लिए संदेश लेकर आई है: "जब युवा आगे बढ़ेंगे, तभी भारत स्वर्णिम होगा."

### विजेताओं का सम्मान

समापन दिवस पर आयोजित फेलिसिटेशन सेरेमनी ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया. इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थानों और प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया. विजेता में प्रथा स्थान जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया (जीएसआई), द्वितीय स्थान इंडियन काउंसिल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) व तृतीय स्थान: इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) को मला. अतिथियों ने विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया. कहा कि इन स्टॉल्स ने न केवल वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति को उजागर किया, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बने.

## आजसू की बैठक में संगठनात्मक कार्यों पर हुई चर्चा
## सुप्रीमो सुदेश महतो ने राज्य सरकार पर कसा तंज

# झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की सरकार जनता की आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतर पायी है




शुभम संदेश। रांची

आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में जिलाध्यक्ष और जिला प्रभारियों की बैठक हुई, जिसमें संगठनात्मक कार्यों की प्रगति, भविष्य की योजनाओं और विभिन्न जिलों की गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा हुई. आजसू पार्टी प्रमुख और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा, "झामुमो-कांग्रेस गठबंधन जनता की आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाया है.

जनता को आजसू से उम्मीद है. पंचायत और ग्राम स्तर पर संगठन की मजबूती के लिए सभी नेता कार्यकर्ता जुट जाएं. आज झारखंड में नवीन राजनीतिक चेतना को जागृत करने की आवश्यकता है. झारखंड का आम जनमानस झारखंडी अस्मिता की तलाश कर रहा है. लेकिन झारखंडी सोच का दावा करने वाले झामुमो ने सत्ता तो हासिल कर ली, लेकिन झारखंडी विचारों से भटक गया है और जनता के साथ छल कर रहा है."

सुदेश ने आगे कहा कि झामुमो–कांग्रेस सरकार नौकरशाही, नौकरी, नियोजन, विस्थापन, पुनर्वास, मुआवजा सभी पहलुओं पर विफल हो चुकी है. झारखंड निर्माण का मूल उद्देश्य पूर्ण नहीं होने से झारखंडी जनमानस में एक आक्रोश है. आजसू मुख्य विपक्ष के तौर पर जनमुद्दों पर निर्णायक लड़ाई लड़ने को तैयार है. यहां के पलायन और नियोजन के सवाल को लेकर सरकार गंभीर नहीं है. सरकार कोई नियुक्ति समय से पूर्ण नहीं करा पा रही है.

बैठक को मांडू विधायक तिवारी महतो, पूर्व विधायक डॉ. लम्बोदर महतो, मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष द्वय प्रवीण प्रभाकर, मो. हसन अंसारी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष नजरुल हसन हाशमी, महासचिव सह प्रवक्ता संजय मेहता, महासचिव दीपक महतो आदि ने संबोधित किया. पूर्व आईएएस बृज मोहन प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

# सूर्या हांसदा एनकाउंटर के खिलाफ आदिवासी संगठनों का राजभवन आक्रोश मार्च, सीबीआई जांच की मांग



शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची में आदिवासी संगठनों ने शनिवार को आदिवासी नेता सूर्या उर्फ सूर्यनारायण हांसदा के कथित फर्जी एनकाउंटर के विरोध में राजभवन तक आक्रोश मार्च निकाला. यह मार्च गोड्डा जिले में 10 अगस्त को हुई संदिग्ध मुठभेड़ में हांसदा की मौत को लेकर आयोजित किया गया था. प्रदर्शनकारियों ने इसे एक "पूर्व नियोजित हत्या" बताते हुए मामले की सीबीआई जांच की मांग की.प्रदर्शन की शुरुआत जिला स्कूल मैदान से हुई, जहां सैकड़ों आदिवासी समाज के लोग इकट्ठा हुए. वे "सूर्यनारायण हांसदा को न्याय दो", "फर्जी एनकाउंटर बंद करो" और "सीबीआई जांच कराओ" जैसे नारे लगाते हुए जुलूस की शक्ल में राजभवन पहुंचे. मुख्य संयोजक जगलाल पहान ने कहा कि हांसदा हमेशा शोषण, अन्याय और माफियागीरी के खिलाफ आवाज उठाते रहे. प्रशासन और प्रभावशाली तत्वों की मिलीभगत से उन्हें साजिश के तहत मारा गया. 'ट्राई फर्स्ट' की संयोजक आरती कूजूर ने इस घटना को मानवाधिकार और लोकतंत्र पर हमला करार दिया. उन्होंने कहा कि यह एक व्यक्ति की नहीं, आदिवासी अस्तित्व की हत्या है.

प्रदर्शनकारियों ने सरकार से पांच प्रमुख मांगें रखीं: एनकाउंटर की सीबीआई जांच हो,दोषी पुलिस अधिकारियों को निलंबित किया जाए,मृतक के परिजनों को सुरक्षा व मुआवजा दिया जाए,उनके खिलाफ दर्ज फर्जी मुकदमे रद्द हों, हांसदा द्वारा संचालित स्कूल के बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी सरकार ले.

केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि यह पूरे आदिवासी समाज की न्याय और सम्मान की लड़ाई है.उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगे नहीं मानी गईं, तो आंदोलन और तेज होगा.इस शांतिपूर्ण मार्च में पूर्व विधायक रामकुमार पहान, महादेव टोप्पो, सुरेंद्र लिंडा, अनिता गाड़ी, बिरसा पहान समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए.

## दिल्ली का सरगना नीरज सप्लाई कर रहा जाली नोट फोन व व्हाट्सऐप के जरिए गिरोह चला रहा

# बिहार से झारखंड में खपाने से पूर्व 2 करोड़ रु जब्त हुआ

शुभम संदेश। रांची

पुलिस ने नकली नोटों के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो करोड़ रुपये की जाली करंसी बरामद की है. इस मामले में दो आरोपियों मो. साबिर उर्फ राजा और साहिल कुमार उर्फ करण को सुखदेवनगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है. दोनों आरोपी अरगोड़ा थाना क्षेत्र के रहनेवाला है. पूछताछ में दोनों आरोपियों ने खुलासा किया कि इस नेटवर्क का मास्टरमाइंड दिल्ली का नीरज कुमार चौधरी है, जो फोन और व्हाट्सऐप के जरिए पूरे गिरोह को संचालित करता है. गिरोह नकली नोटों के ऊपर-नीचे असली नोट रखकर लोगों को धोखा देता था और बदले में उनसे 40-50 हजार रुपये वसूलता था. इसके एवज में गिरोह के सदस्यों को 20-30 प्रतिशत कमीशन दिया जाता था.



पुलिस के अनुसार, न्यू मार्केट चौक (रातू रोड) के पास निगरानी के दौरान पुलिस ने एक सफेद हुंडई कार को रोका, जिसमें तीन पेटियों में रखे नकली नोट बरामद किए गए. इनमें कुल 42 बंडल थे. 20 बंडलों में 300-300 और 22 बंडलों में 350-350 नोट थे. सभी नो 500 के थे. यह नकली नोटों की खेप बिहार से रांची लाई जा रही थी और बाजार में खपाने की पूरी तैयारी थी. चंद्रलोक बस से आ रही इस खेप की गुप्त सूचना रांची पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा को मिली थी, जिसके बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय को कार्रवाई की जिम्मेदारी दी गई थी, जिसमें यह बड़ी सफलता मिली.

## रांची में नकली विदेशी शराब बनाने का खुलासा

# पांच गिरफ्तार, आर्मी कैंटीन की नकली मोहरें भी जब्त हुईं

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची से सटे अनगड़ा थाना क्षेत्र में नकली विदेशी शराब बनाने वाले गिरोह का खुलासा हुआ है. पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली शराब और शराब बनाने की सामग्री जब्त की है. इस दौरान 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार लोगों के नाम संतोष कुमार साहू, सुरज कुमार ठाकुर, शिवम कुमार, पवन कुमार महतो और लखन साहू बताये गये. इस बात की जानकारी रांची के रुरल एसपी प्रवीण पुष्कर ने मीडिया के साथ साझा की है.

एसपी ने मीडिया को बताया कि डीआईजी सह रांची पुलिस कप्तान को बीती रात करीब साढ़े आठ बजे इंफॉर्मेशन मिली कि अनगड़ा थाना क्षेत्र के राजाडेरा गांव में एक बंद पड़े स्कूल भवन के अंदर अवैध नकली शराब बनाई जा रही है. यह बंद पड़ा



स्कूल भवन पवन कुमार महतो का है. मिली सूचना पर एसएसपी के निर्देश पर रुरल एसपी प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व और सिल्ली डीएसपी की देखरेख में टीम गठित की गयी. गठित टीम ने बताये गये ठिकाने पर रेड मारी और तीन लोगों को धर दबोचा. इन लोगों में संतोष कुमार साहू, सुरज कुमार ठाकुर, शिवम कुमार शामिल थे. इन लोगों को नकली शराब बनाते रंगेहाथ दबोचा गया है. पूछताछ में संतोष कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि वे लोग साल 2018 से नकली शराब बनाने का धंधा कर रहे हैं. इस दौरान वह ठाकुरगांव में उत्पाद विभाग की कार्रवाई में दो बार जेल भी जा चुका है.

## सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन जांच अभियान : 123 वाहनों की गहन जांच

# 18 वाहनों से 2.48 लाख से अधिक जुर्माना वसूला गया, तीन जब्त

शुभम संदेश। रांची

जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को रांची के दलादली, रिंग रोड और पंडरा क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करना, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण करना था.इस दौरान कुल 123 वाहनों की गहन जांच की गई, जिसमें वाहन चालकों के पास मौजूद पथकर रसीद, फिटनेस सर्टिफिकेट, बीमा, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र, वैध परमिट, ओवरलोडिंग और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों की पड़ताल की गई.



जांच के दौरान 18 वाहनों में अनियमितताएं पाई गईं. इनमें से कई मामलों में दस्तावेज अधूरे थे या वाहन ओवरलोड थे. नियमों का उल्लंघन करने पर 2,48,950 रुपये का जुर्माना वसूला गया, जबकि 3 वाहनों को गंभीर नियम उल्लंघन के कारण पंडरा ओपी में जब्त कर सुरक्षित रखा गया है.

### नियमित जांच से सड़कों पर बनेगा अनुशासन

इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना और यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना है. इस तरह के अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि सड़कों पर अनुशासन और सुरक्षा बनी रहे. जिला परिवहन विभाग ने सभी वाहन चालकों और वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे अपने वाहनों के सभी आवश्यक दस्तावेजों को अद्यतन रखें और यातायात नियमों का पालन करें. विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी.

# झारखंड में अब तक नहीं बना एसटी आयोग नियमावली फाइल विभागों के चक्कर में उलझी

शुभम संदेश। रांची

आदिवासी बहुल राज्य होने के बावजूद झारखंड में आज तक अनुसूचित जनजाति (एसटी) आयोग का गठन नहीं हो पाया है. सरकार की ओर से कई बार आश्वासन दिया गया, लेकिन हर बार यह प्रक्रिया अधूरी ही रह जाती है. हाल ही में झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप द्वारा उठाए गए सवाल के जवाब में मंत्री चमरा लिंडा ने कहा था कि तीन महीने के भीतर आयोग की नियमावली बन जाएगी और अगला सत्र आने से पहले आयोग का गठन कर दिया जाएगा. लेकिन अब मानसून सत्र शुरू हो चुका है और एसटी आयोग अभी भी अस्तित्व में नहीं आ सका है.



**क्यों जरूरी है राज्य एसटी आयोग?**
विधायक राजेश कच्छप ने 6 मार्च 2025 को विधानसभा में चिंता जताई थी कि एसटी आयोग के अभाव में आदिवासी समुदाय से जुड़े कानूनों और नीतियों की निगरानी और समीक्षा नहीं हो पा रही है. यह आयोग आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा, उनके साथ हो रहे अन्याय और शोषण की जांच करने वाला एक अहम संवैधानिक निकाय होता, जिसकी अनुपस्थिति को अब गंभीरता से महसूस किया जा रहा है.

**नियमावली अटकी फाइलों में, गठन अधूरा :** मंत्री लिंडा ने बताया था कि 29 जुलाई 2019 को आयोग अधिसूचित किया गया था और तीन महीने में नियमावली बनने तथा मानसून सत्र से पहले गठन हो जाने की बात कही थी. लेकिन अब तक न तो नियमावली बन पाई है और न ही आयोग का गठन हुआ है.

**प्रक्रिया जारी, लेकिन फाइलें घूम रही विभागों में:** सरकार की ओर से हाल ही में बताया गया कि 27 जुलाई 2025 को पत्रांक 2583 के माध्यम से यह जानकारी दी गई है कि ₹राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग नियमावली, 2025₹ के मसौदे को मंत्रिपरिषद की मंजूरी दिलाने की प्रक्रिया चल रही है. फिलहाल विभिन्न विभागों से अनुमोदन मांगा जा रहा है.

## ब्रीफ न्यूज

### संसद में विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है : सांसद

**लोहरदगा ।** लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत ने संसद के मौसम सत्र के समापन पर आयोजित चाय पार्टी में विपक्ष की अनुपस्थिति को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक रिश्ते पारस्परिक होते हैं। अगर संसद के सर्वोच्च सदन में विपक्ष को बोलने का मौका नहीं मिलता, तो ऐसी औपचारिकताएं कोई मायने नहीं रखतीं। सांसद ने बताया कि उन्होंने सदन में कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने की कोशिश की, जैसे एसआईआर मामले, लेकिन सरकार से सहयोग नहीं मिला। उन्होंने कहा कि चाय पार्टी में विपक्ष की गैरहाजिरी एक स्पष्ट संदेश है कि अगर विपक्ष की आवाज दबाई जाएगी, तो ऐसे आयोजनों का कोई उद्देश्य नहीं रह जाता।

### लातेहार : इस्कॉन का नंद महोत्सव आज

**लातेहार।** अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के तत्वावधान में 24 अगस्त को नंद उत्सव शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में आयोजित किया जायेगा. यह कार्यक्रम संध्या तीन से पांच बजे तक आयोजित किया जायेगा. कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता इस्कॉन रांची के जेनरल मैनेजर मधुसूदन मुकुंद प्रभु (एमबीए, आईआईटी कानपुर) भाग लेगें. कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, कृष्ण कथा, आरती व प्रसाद का वितरण किया जायेगा.

### खो खो व 600 और 1600 मी दौड़ प्रतियोगिता 29 को

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में 29 अगस्त को स्थानीय जीएलए एथलेटिक्स स्टेडियम में बालक-बालिकाओं के लिए सुबह 9 बजे से इंटर स्कूल खो-खो प्रतियोगिता, 600 मीटर दौड़, 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। इस संबंध में पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि खो-खो प्रतियोगिता केवल एक ग्रुप में, जबकि एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दो वर्ग में अंडर 16वर्ष उम्र के लिए 600 मीटर दौड़, जबकि 16 वर्ष से अधिक उम्र वालों के लिए 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पानेवाले को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक विद्यालय 27 अगस्त तक व्हाट्स नंबर 9431554509 पर भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

### मोर्चा ने मनाई डॉ. राम दयाल मुंडा की जयंती

**मेदिनीनगर।** अनुसूचित जाति, जनजाति छात्र संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं आदिवासी समाज के प्रख्यात चिंतक डॉ. राम दयाल मुंडा की 86वीं जयंती मनाई गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम व संचालन संजय कुमार ने किया. कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मुंडा की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई. इस अवसर पर उदय राम ने कहा कि राम दयाल मुंडा न केवल अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भाषा-विज्ञानी, समाजशास्त्री और साहित्यकार थे, बल्कि वे एक अप्रतिम आदिवासी कलाकार भी थे. उनका जन्म 23 अगस्त 1939 को रांची के तमाड़ प्रखंड के दिउड़ी गांव में हुआ था. जुलाई 1986 से जनवरी 1987 तक उन्होंने रांची विवि के कुलपति के रूप में कार्य किया.

### सतबरवा कृषक उत्पादक संगठन का एग्रीकल्चर मार्केटिंग एक्सपर्ट ने किया निरीक्षण

# सतबरवा के किसानों के लिए दिए अहम निर्देश

**शुभम संदेश । सतबरवा**



कृषक उत्पादक संगठन (एफ.पी.ओ.) स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, सतबरवा का निरीक्षण शनिवार को एग्रीकल्चर मार्केटिंग एक्सपर्ट अंकित कुमार सिन्हा ने किया. इस दौरान उन्होंने चेयरमैन श्रीनिवास चौधरी, सीईओ बलवंत कुमार और अकाउंटेंट संदीप कुमार से संगठन की प्रगति और किसानों को मिलने वाले लाभ पर विस्तृत चर्चा की.

निरीक्षण के दौरान श्री सिन्हा ने एफ.पी.ओ. में अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने पर बल दिया. उन्होंने कहा कि सभी बीओडी मेंबरों को संगठन संबंधी पूरी जानकारी होनी चाहिए और एलएमएस ट्रेनिंग अनिवार्य रूप से पूरी की जाए. उन्होंने निर्देश दिया कि एनसीडीसी द्वारा आयोजित प्रशिक्षणों में संगठन के प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों तक सही जानकारी पहुंच सके. एफ.पी.ओ. की आर्थिक मजबूती के लिए इक्विटी ग्रांट बढ़ाने की सिफारिश करते हुए उन्होंने कहा कि इससे संगठन का व्यापार दो से तीन गुना तक बढ़ सकता है. साथ ही, बोर्ड सदस्यों के लाइसेंस मिलने के बाद एफ.पी.ओ. सीधे धान खरीदकर चावल, अरहर से दाल, मक्का से आटा और तिल से तेल तैयार कर ब्रांडिंग के साथ बाजार में बेच सकेगा. उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को जैविक खाद, डीएपी, यूरिया और अन्य उर्वरक उचित मूल्य पर उपलब्ध कराए जाएंगे, साथ ही सरकारी सब्सिडी का लाभ भी सुनिश्चित किया जाएगा.

इस अवसर पर सुरेश चौधरी, नितीश कुमार चौधरी, बनवारी यादव, सरिता देवी सहित कई किसान मौजूद थे.

## त्योहार से पहले लाइटों की मरम्मत सुनिश्चित करे निगम : अरुणा शंकर

- महापौर ने निरीक्षण में जताई चिंता, जल्द उपायुक्त से मिलकर उठाएंगी मुद्दा

**शुभम संदेश । मेदिनीनगर**



नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर इन दिनों मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में लगातार दौरा कर रही हैं और आम लोगों से मिल रही हैं. निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई इलाकों की जर्जर सड़कों और बंद स्ट्रीट लाइटों की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है. महापौर ने कहा कि भारी बारिश और रखरखाव के अभाव में कई मुख्य और मोहल्लों की सड़कें पूरी तरह टूट चुकी हैं, जिससे लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो गया है. खासकर बुजुर्ग और बच्चे सबसे ज्यादा परेशान हैं. स्कूल जाने वाले बच्चों को बस स्टॉप तक पहुंचने में डर लगता है. उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम ना तो खुद सड़कों की मरम्मत कर रहा है और ना ही संवेदक, जिनकी जिम्मेदारी बनती है, वारंटी अवधि के भीतर काम कर रहे हैं. अरुणा शंकर ने बताया कि वह अगले दो-तीन दिनों में पलामू उपायुक्त से मिलकर इस मुद्दे को गंभीरता से उठाएंगी. महापौर ने कहा कि दशहरा, दीपावली, धनतेरस और छठ जैसे बड़े त्योहार नजदीक हैं, ऐसे में निगम को चाहिए कि सड़क मरम्मत और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था तुरंत दुरुस्त करे.

## दो दिनों में खत्म होगा खाद संकट, किसानों को तय दर पर मिलेगा यूरिया : मिथलेश कुमार सिंह

**पलामू.** धान की लहलहाती फसलों के बीच खाद की किल्लत ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है. हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के कई खाद दुकानदारों पर किसानों ने आरोप लगाया है कि वे कृत्रिम संकट पैदा कर उन्हें इधर-उधर भटकने को मजबूर कर रहे हैं. इस स्थिति को देखते हुए समाजसेवी मिथलेश कुमार सिंह किसानों की सहायता के लिए आगे आए हैं.

उन्होंने प्रेस बयान में कहा कि एक से दो दिनों में खाद की किल्लत पूरी तरह समाप्त हो जाएगी. श्री सिंह ने बताया कि उन्होंने इस विषय पर राज्य कृषि पदाधिकारी से वार्ता की है, जिनका कहना है कि वे इफको अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं और पूरे जिले में खाद वितरण की निगरानी की जा रही है.

### 23 शराब दुकानों के लिए ई-लॉटरी से हुई बंदोबस्ती

# राज्य सरकार को मिला 50 लाख का राजस्व

**शुभम संदेश । लातेहार**



जिले में नई उत्पाद नियमावली 2025 के तहत शुक्रवार को खुदरा उत्पाद दुकानों की बंदोबस्ती प्रक्रिया ई-लॉटरी के माध्यम से सम्पन्न हुई. यह प्रक्रिया समाहरणालय के सभागार में आयोजित की गई, जिसकी जानकारी उत्पाद अधीक्षक रंजन तिवारी ने दी.

उन्होंने बताया कि जिले की कुल 23 लाइसेंसी शराब दुकानों की ई-लॉटरी की गई, जिसे 10 समूहों में विभाजित कर संपन्न कराया गया. इस लॉटरी प्रक्रिया में कुल 194 आवेदकों ने भाग लिया. सबसे पहले उन तीन दुकानों की डेमो लॉटरी करवाई गई, जिनमें सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए थे. इसके बाद सभी दुकानों की लॉटरी आवेदकों की उपस्थिति में ऑनलाइन माध्यम से की गई. प्रत्येक दुकान के लिए तीन-तीन विजेताओं (प्रथम, द्वितीय व तृतीय) का चयन किया गया है. यदि प्रथम विजेता निर्धारित राशि समय पर जमा करने में असफल रहता है, तो दूसरे व फिर तीसरे विजेता को मौका दिया जाएगा. उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि इस प्रक्रिया से सरकार को आवेदन शुल्क के रूप में कुल 50,02,020 (पचास लाख दो हजार बीस रुपये) का राजस्व प्राप्त हुआ है. चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 42 करोड़ रुपये का एमजीआर लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से सितंबर 2025 से मार्च 2026 तक 25 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति का अनुमान है.

लॉटरी में शामिल आवेदकों को 10 समूहों में बाँटा गया. इनमें ग्रुप-1 में सुरेश सिंह, अंकेश कुमार गुप्ता, श्याम लाल प्रसाद; ग्रुप-2 में अशोक कुमार जायसवाल, संदीप प्रसाद, सुमित सौरभ; ग्रुप-3 में लक्ष्मी प्रसाद, अमरदीप कुमार, सुनील कुमार; ग्रुप-4 में राजू कुमार अग्रवाल, अरविंद कुमार, सौरभ जायसवाल शामिल थे.

अन्य समूहों में ग्रुप-5 से ग्रुप-10 तक क्रमशः रिशिपाल सिंह, नीतिन कुमार साहू, राहुल सिंह; अविनाश कुमार, विरेंद्र तिवारी, शिवम कुमार; मनोज गुप्ता, सबिता कुमारी, राजकुमार; रिषभ साकेत, जीतेंद्र कुमार, राहुल प्रसाद; पप्पू यादव, मंटू पाल, राजेश गुप्ता; और मानिक चंद यादव, विनय कुमार, धीरज प्रसाद सम्मिलित रहे. ई-लॉटरी की पारदर्शिता और डिजिटल प्रक्रिया से शासन को सुचारु रूप से बंदोबस्ती प्रक्रिया को पूरा करने में सफलता मिली है.

### महुआडांड़ में बाबा गणिनाथ का 15वां वार्षिक महोत्सव संपन्न

## खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा

**शुभम संदेश । महुआडांड़ (लातेहार)**



स्थानीय दुर्गा बाड़ी परिसर में अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य हलवाई संघ महुआडांड़ के तत्वावधान में शनिवार को संत शिरोमणि बाबा गणिनाथ महाराज का 15वां वार्षिक महोत्सव भव्यता के साथ मनाया गया. कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बसंत प्रसाद और बासुदेव प्रसाद सहित समाज के कई गणमान्य लोग शामिल हुए. कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत ध्वजारोहण एवं अभ्युदय ध्वजाभिवादन के साथ की गई, जिसमें संघ के अध्यक्ष संजय प्रसाद, हीरालाल प्रसाद, रोहित कुमार, राजू प्रसाद, अनूप प्रसाद, राजीव कुमार (स्वीट पैलेस), बलदेव प्रसाद, सुमित गुप्ता, आर्यन गुप्ता, अनुज गुप्ता, रोहित आदि ने भाग लिया.

इसके पश्चात मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों— रामदास साहू, नन्दकिशोर प्रसाद, आनंद प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, शिवप्रसाद शाहू, संजय प्रसाद, संतोष प्रसाद आदि का माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया.

पूजा-अर्चना का संचालन पलवैया धाम से पधारे बाबा कान्तिलाल साह एवं पंडित सर्वेश पाठक के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ किया गया. यजमानों द्वारा विधिवत हवन व पूजन कर बाबा गणिनाथ की आराधना की गई. पूजा उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद और भंडारा का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने भाग लिया. खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने महोत्सव में अलग ही रंग भर दिया. बच्चों ने उत्साह से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया, वहीं उपस्थित लोगों ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया. प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को हलवाई संघ द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए.

सांस्कृतिक कार्यक्रम में भक्ति गीतों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया. संघ के सदस्यों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए. कार्यक्रम में इंटरमीडिएट बोर्ड की जिला टॉपर्स— निकी कुमारी और कुकुम कुमारी को भी सम्मानित किया गया.

महोत्सव में शुभम गुप्ता उर्फ राजा, विकास कुमार, विकास प्रसाद, विजय प्रसाद, उत्तम कुमार, दिलीप प्रसाद समेत सैकड़ों महिलाएं, पुरुष व बच्चे उपस्थित रहे. पूरे आयोजन ने सामाजिक एकता, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक समरसता का संदेश दिया.

## एनएसयूआई ने पीजी में नामांकन की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग, सौंपा ज्ञापन



**मेदिनीनगर.** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर सत्र 2025-27 में नामांकन की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर शनिवार को एनएसयूआई पलामू के एनपीयू अध्यक्ष आशीष कुमार ठाकुर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय के डीएसडब्लू से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा. जीएलए कॉलेज एनएसयूआई छात्र उपाध्यक्ष पलक सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा नामांकन के लिए जो ऑनलाइन पोर्टल चालू किया गया है, उसमें तकनीकी दिक्कतों के कारण कई छात्रों को आवेदन प्रक्रिया पूरी करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. साथ ही विभिन्न जिलों से आने वाले छात्रों को दस्तावेज इकट्ठा करने में भी समय लग रहा है. स्नातक सत्र 2021- 24 फाइनल सेमेस्टर परीक्षा का रिजल्ट देरी से घोषित होने के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थी समय पर आवेदन नहीं कर सके. एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि यदि नामांकन पोर्टल की तिथि शीघ्र नहीं बढ़ाई गई, तो कई योग्य छात्र उच्च शिक्षा से वंचित हो सकते हैं, जो छात्रहित के विपरीत होगा. इसी को ध्यान में रखते हुए कम-से-कम 15 दिनों की तिथि विस्तार की मांग की गई है. प्रतिनिधिमंडल में एनएसयूआई जीएलए कॉलेज अध्यक्ष रिशु दुबे, ओमप्रकाश त्रिपाठी, आशीष कुमार ठाकुर, पलक सिंह, सत्य प्रकाश, हाशिम बिस्मिल, विकाश मिश्रा आदि शामिल थे.

## एक नजर

### गढ़वाटांड़ को मिला स्टेडियम का तोहफा, ग्रामीणों ने जताई खुशी, विधायक व मंत्री को दी बधाई



**बरवाडीह (लातेहार) .** प्रखंड के गढ़वाटांड़ मैदान में स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है. स्थानीय निवासी मनोज विश्वकर्मा ने इस रचनात्मक पहल के लिए विधायक रामचंद्र सिंह और कला, संस्कृति एवं खेलकूद मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह क्षेत्रवासियों की लंबी लड़ाई का नतीजा है. मनोज ने बताया कि 12 वर्ष पहले प्रशासन ने इस मैदान में हेलीपैड निर्माण की मंजूरी दी थी, जिसका गांव के महिला-पुरुष और बच्चों ने एकजुट होकर एक माह तक विरोध किया. इसके तहत ब्लॉक व थाना घेराव के साथ-साथ जनहित याचिका भी उच्च न्यायालय में दायर की गई, जिसके बाद हेलीपैड निर्माण कार्य रोका गया. आज उसी मैदान को स्टेडियम के रूप में विकसित किए जाने की मंजूरी मिलने से क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई है. विधायक व मंत्री को बधाई देने वालों में पत्रकार अर्जुन विश्वकर्मा, मयंक विश्वकर्मा, राजदीप पासवान, रविंद्र पासवान, मनोज (मुन्ना), पंकज कुमार, सन्नी कुमार, प्रहलाद कुमार सहित कई स्थानीय युवा शामिल हैं. ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि इस स्टेडियम से क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा.

### लातेहार में क्षमता विकास शिविर; संस्कृति और संस्कार से ही राष्ट्र का विकास संभव : डॉ सुरेंद्र



**लातेहार।** शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में आयोजित एकल अभियान के सात दिवसीय क्षमता विकास शिविर के अंतर्गत शुक्रवार संध्या भारत माता की आरती का आयोजन किया गया. इस अवसर पर शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह और अधिवक्ता राजीव रंजन पांडेय उपस्थित थे. डॉ. सिंह ने कहा कि स्वस्थ रहना हर व्यक्ति की पहली जिम्मेदारी है, तभी वह समाज और देश के लिए कुछ कर सकता है. उन्होंने एकल अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन गांवों में संस्कृति और संस्कार का प्रचार-प्रसार कर रहा है, जिससे समाजिक जागरूकता बढ़ रही है. उन्होंने कहा कि भारत की समृद्ध परंपरा और मूल्य ही देश को आगे ले जा सकते हैं. कार्यकर्ताओं को गांवों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने की अपील की. कार्यक्रम में अंचल संरक्षक रमेश प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष अभिनंदन प्रसाद, अंचल सचिव राजू लाल सिन्हा, मनमोहन राम, अवध किशोर यादव, अर्जुन सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे.

### ब्रह्मकुमारीज का रक्तदान शिविर 25 अगस्त को

**लातेहार।** ब्रहमाकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में राजयोगिनी प्रकाशमणि की 18 वी पुण्यतिथि के अवसर पर विश्व बंधुत्व दिवस के तहत 25 अगस्त को रक्तदान शिविर का आयोजन जायेगा. केद्र संचालिका बीके अमृता ने बताया कि यह सेवा दादीजी के त्याग, तप और सेवा को समर्पित है. संस्था के मुख्य सेवा केन्द्र गुमला की संचालिका बीके शाति दीदी एवं संस्था के समाज सेवा प्रभाग की संयुक्त पहल पर लातेहार के बाईपास रोड स्थित सोन भवन में अवस्थित उप-सेवा केंद्र के तत्वावधान मे इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है. यह शिविर दादीजी के सिद्धान्तों एवं नियमों को समाज के प्रति समर्पित करने एवं उनके सम्मान देने हेतु आयोजित किया जायेगा. शिविर आयोजन का उदेश्य जरूरतमंदों को मदद करना और समाज में भाईचारे की भावना की भावना को जन-जन तक पहुँचाना है. बीके अमृता ने लातेहार नगर वासियों से इस रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग होने एवं इस महान मानवतावादी कार्य को आगे बढ़ने की अपील की है. उन्होने रक्त दान करने वाले ईच्छुक प्रतिभागी अपराहन 01:00 ब्लड बैंक, लातेहार में पहुंचने की अपील की है. अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 9713180541 एवं 6201242103 पर सम्पर्क किया जा सकता है.

### अमझरिया स्थित भवन पर नोटिस चस्पा किया

**चंदवा (लातेहार)।** अमझरिया स्थित भवन पर शुक्रवार को अचंलाधिकारी चंदवा के निर्देश पर नोटिस चिपकाया गया है. अंचल अधिकारी ने उक्त भूमि को सार्वजनिक भूमि बताया है. उन्होने उसे अतिक्रमण अधिग्रहण 1956, अतिक्रमण वाद संख्या-03 /2024-25 के तहत अंतिम नोटिस प्रेषित कर सुदर्शन पासवान पिता आनन्द मूर्ति चंदवा को धारा 5(1) बिहार सार्वजनिक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 अनुसार पारित आदेश के बाद अतिक्रमण खाता संख्या 36 प्लॉट नंबर 158, 159, 160 एवं 161 रकबा 0.04 ए, 0.05 ए, 0.03 ए एवं 0.11 एकड़ भूमि ग्राम अमझरिया को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया है.

### यूरिया व डीएपी की कालाबाजारी रोकने की मांग

**लातेहार.** जिले में यूरिया और डीएपी खाद की बढ़ती कालाबाजारी को लेकर जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने प्रशासन से कड़े कदम उठाने की मांग की है. जदयू नेताओं का कहना है कि जिले में खाद की गंभीर किल्लत के कारण किसान निर्धारित दरों से कई गुना अधिक कीमत पर खाद खरीदने को मजबूर हैं. यूरिया खाद जो 266 रुपये प्रति बोरी मिलनी चाहिए, वह बाजार में 600 रुपये तक बिक रही है, जिससे किसान भारी परेशान हैं. जदयू के जिला अध्यक्ष नेजामुद्दीन कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष संतोष जायसवाल, राम लगन सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संतोष प्रसाद और रविंद्र राम चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर प्रशासन पर खाद की कालाबाजारी रोकने में ढिलाई का आरोप लगाया. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर किसानों को जल्द राहत नहीं मिली तो जदयू सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेगी.

**तबाही** सतबरवा में बारिश से तबाही, दुलसुलमा में हादसे में टली जानलेवा त्रासदी

# "जाको राखे साइयां, मार सके ना कोई" कहावत हुई सच

**श्रीनिवास चौधरी । सतबरवा**



प्रखंड क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है. सड़कों पर जलजमाव और कच्चे घरों को नुकसान के बीच दुलसुलमा गांव में शनिवार की तड़के एक बड़ा हादसा टल गया, जब ग्रामीण कामख्या सिंह का मिट्टी का घर सुबह करीब 3 बजे भरभराकर गिर गया.

हादसे के समय घर के भीतर परिवार के आठ सदस्य सोए हुए थे. सौभाग्यवश दीवार भीतर की ओर गिरने के बजाय बाहर सड़क की ओर गिरी, जिससे सभी लोग सुरक्षित बच गए. कामख्या सिंह ने बताया कि हादसे की तेज आवाज से सभी की नींद टूटी. उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि अगर दीवार अंदर गिरती, तो शायद पूरे परिवार की जान चली जाती. इसी गांव में एतवरिया कुवंर का घर भी बारिश के कारण आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है. खपरैल की छत से लगातार पानी टपकने के कारण उनके पति चंद्रू भुइयां ने प्लास्टिक तिरपाल से पूरे घर को ढंक कर किसी तरह से आश्रय बचाया है.

दोनों पीड़ित परिवारों को अब तक आवास योजना का लाभ नहीं मिला है. ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को तुरंत राहत व पुनर्वास व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से लोगों की जान न जाए.

आवास कोऑर्डिनेटर विकास कुमार सिन्हा ने बताया कि अब तक उन्हें कोई सूचना नहीं मिली है, लेकिन यदि घर गिरा है, तो सरकारी प्रावधानों के तहत सहायता अवश्य दी जाएगी. वहीं पंसस जगदीश सिंह ने कहा कि पीड़ित का नाम आवास प्लस सूची में है और वे प्राथमिकता के आधार पर इसे आवास दिलाने का प्रयास करेंगे.

## महुआडांड़ प्रखंड में कांग्रेस का पंचायत स्तरीय संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम संपन्न

**शुभम संदेश । महुआडांड़ (लातेहार)**



महुआडांड़ प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत चटकपुर में शनिवार को कांग्रेस का पंचायत स्तरीय संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अभय मिंज और मंडल अध्यक्ष नुरुल हसन अंसारी ने संयुक्त रूप से की. इस दौरान पंचायत अध्यक्ष सहित पूरी पंचायत कमिटी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.

कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तेखार अहमद ने कहा कि जीपीसीसी का गठन जनता की सेवा का एक महत्वपूर्ण अवसर है. कांग्रेस गरीब, किसान, मजदूर और युवा वर्ग के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी. उन्होंने कांग्रेस का संदेश हर बूथ तक पहुंचाने और पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया. संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस पार्टी को मज़बूत बनाना है.

इस अवसर पर कांग्रेस जिला महासचिव रामनरेश ठाकुर, प्रखण्ड महिला अध्यक्ष फ्रिदा कुजूर, महुआडांड़ प्रखण्ड उपाध्यक्ष नसीम अंसारी, महासचिव जमुना प्रसाद, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजीत पाल कुजूर, युवा कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अमीर सुहेल, वरिष्ठ नेता रानू खान समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे. कार्यक्रम में सभी ने पार्टी के विकास एवं संगठन को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया.

### धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के स्वागत सह सम्मान समारोह में शामिल हुए बीसीसीएल के सीएमडी

## कोलियरी कर्मचारी संघ की कार्यशैली दूसरे सभी श्रम संगठनों से अलग : समीरन दत्ता

**शुभम संदेश। रांची**







धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ (बीएमएस) कार्यालय विश्वकर्मा भवन पुलिस लाइन धनबाद में स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता, निदेशक (तक) योजना एवं परियोजना मनोज कुमार अग्रवाल, निदेशक (तक) ओपी संजय सिंह, निदेशक (मासं) मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक (वित) राकेश कुमार सहाय भी शामिल हुए. सम्मान समारोह का संचालन संघ के महामंत्री उमेश कुमार सिंह ने किया, जबकि अध्यक्षता मुरारी तांती ने की. संघ के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर बीसीसीएल के सभी निदेशक का स्वागत किया.

**सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए उत्पादन, डिस्पैच का निर्देश :** सम्मान समारोह को संबोधित करते हुये बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता ने कहा कि सभी क्षेत्रों में महाप्रबंधक एवं उनकी पूरी टीम को सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए उत्पादन, डिस्पैच की गुणवत्ता को सुचारू रूप से रखने के लिए निर्देश दिये गये हैं. भारतीय मजदूर संघ की कार्य पद्धती सचमुच अन्य श्रम संगठनों से अलग है जिस कारण यह संगठन शुन्य से शिखर तक पहुंचा है. उन्होने कहा कि प्रबंधन की टीम मुख्यालय में लंबित उम्र विवाद, नियोजन, औद्योगिक संबंधित सभी समस्याओं को निष्पादन कर रही है. मौके पर अभाखम संघ के मंत्री केके सिंह , धर्मजीत चौधरी मंत्री भामसंघ धनबाद जिला सह महामंत्री भनिएवं अन्य सन्निर्माण कामगार यूनियन भामसंघ झारखंड प्रदेश, माधव सिंह कार्यसमिति सदस्य सह प्रभारी बीसीसीएल, ईसीएल व सीएमपीएफ, प्रभात रंजन मंत्री भामसंघ झा. प्रदेश, ओम कुमार सिंह कार्यसमिति सदस्य भामसंघ झा. प्रदेश सह सीपीआरएमस-ईएन सदस्य कोल इंडिया, वहीं धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मंतोष तिवारी, अरिंजय श्रीवास्तव, एसके मिश्रा, संयुक्त महामंत्री भौमिक महतो, मंत्री संजीव सिंह, राजलाल यादव, लोकेश कुमार सिंह, संत कुमार चौहान, लालमोहन दास, संगठन मंत्री सुशील कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष प्रशान्त नियोगी, सह कोषाध्यक्ष उत्तम कुमार पांडेय, कार्यालय मंत्री अनिल कुमार, कार्यसमिति सदस्य कृष्ण कन्हैया सिंह, गंगा सागर राय सदस्य कल्याण समिति सदस्य भा. को. को. लि., सुर्यनाथ सिंह के साथ-साथ बीसीसीएल के समस्त क्षेत्रों के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं सचिव देवनाथ चौहान, नन्दु राम दुसाध, अजय कुमार सिंह, रामजीत महतो, कुन्दन कुमार चौहान, सत्यनारायण यादव, तारकेशवर सिंह, विश्वानन्द झा, कालीपद महतो, ओम प्रकाश ओझा, प्रकाश वाउरी, चंदन कुमार सिंह, अवधेश प्रसाद, समीर नियोगी, ठाकुर प्रसाद महतो, रंजीत कुमार महतो, महेश तांती, संतोष कुमार सिंह, राजेश मंडल उज्जवल कुमार डे, विजय कुमार यादव आदि संघ के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे.

### गुमला : पुत्र ने पिता की डंडा से मार कर की दी हत्या

**गुमला।** मानसिक रूप से बीमार पुत्र ने अपने ही पिता सुखनाथ प्रधान 65 वर्ष को डंडा से पीट-पीट कर हत्या कर दिया. घटना पालकोट थाना क्षेत्र के बनईडेगा की है. ग्रामीणों के अनुसार मृतक सुखनाथ प्रधान सरकारी स्कूल से सेवानिवृत्त शिक्षक थे. शुक्रवार की रात पिता पुत्र में किसी बात को लेकर विवाद हो गया. जिस कारण पुत्र बाल किशुन प्रधान ने डंडा उठाया और अपने पिता की पिटाई कर दी. जिससे वहीं उसकी मौत हो गई. सूत्रों के अनुसार बाल किशुन प्रधान कुछ दिनों से मानसिक बीमार चल रहा है. घटना की सूचना मिलने के पर पालकोट थाना के एसआई देवनारायण महतो ने घटना स्थल पर पहुंचे और शव का पंचनामा किया. शव अपने कब्जे ले लिया और हत्यारोपी बाल किशुन प्रधान को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. सदर अस्पताल गुमला में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिवार जनों को सौंप दिया. थाना प्रभारी तरुण कुमार के अनुसार हत्यारोपी बाल किशुन प्रधान को गिरफ्तार कर लिया गया है और हत्या के कारणों को लेकर पूछताछ की जा रही है.

### पांच समूह को 15 दुकान, सालाना 57 करोड़ आएगा राजस्व

**गुमला ।** गुमला जिला में शराब दुकानों की बंदोबस्ती प्रक्रिया शुक्रवार की देर शाम संपन्न हो गया. उत्पाद विभाग द्वारा आयोजित बंदोबस्ती प्रक्रिया उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में हुई. जिसमें गुमला में संचालित पन्द्रह दुकानों के लिए लाटरी निकाली गई. लाटरी में कुल 89 आवेदकों को शामिल किया गया था जिसमें पांच समूहों को तीन-तीन दुकानें मिली. गुमला जिजला के सभी 15 दुकानों की बंदोबस्ती की प्रक्रिया शुरु की गई. उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि सरकार के गाइड लाइन और नए उत्पाद नीति के तहत शराब दुकानों की बंदोबस्ती की गई. लाटरी के बाद अब आगे की प्रक्रिया की जाएगी. कागजातों की जांच के बाद बंदोबस्ती के लिए जमानत व अग्रिम राशि ली जाएगी. दुकानों की बंदोबस्ती एक वर्ष के लिए होगा. एक वर्ष में सरकार को 57 करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति होगी. इस अवसर पर अपर समाहर्ता सहित कई लोग उपस्थित थे.

### सदर अस्पताल की कैंटीनों का निरीक्षण, दिए निर्देश

**गुमला।** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने शनिवार को गुमला सदर अस्पताल परिसर की सभी कैंटीनों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, स्वच्छता और लाइसेंस संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच की गई. निरीक्षण के क्रम में वर्मा कैंटीन, सृष्टि प्राण प्रवाह, मुख्यमंत्री दाल-भात केंद्र और मां गंगा इंटरप्राइजेज की कैंटीनों में खाद्य पैकेजिंग पर मैन्युफैक्चरिंग डेट, एक्सपायरी डेट और लाइसेंस नंबर की जांच की गई. श्री गुग्गी ने कैंटीन संचालकों को निर्देश दिया कि वे खाद्य सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों का सख्ती से पालन करें. उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा और कैंटीन में कार्यरत सभी कर्मचारियों को एप्रोन, हेडगियर और ग्लव्स पहनने का निर्देश दिया. इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की जानकारी दी गई और सभी संचालकों को आवश्यक रूप से रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस प्राप्त करने के निर्देश दिए गए.

### टैक्स वसूली बनी रहस्य, बिना पार्किंग वसूल रहे शुल्क

- नियमों की अनदेखी से जनता परेशान, नगर परिषद की भूमिका पर उठे सवाल

**गुमला ।** नगर परिषद गुमला द्वारा हाट और पार्किंग स्थलों पर की जा रही टैक्स वसूली इन दिनों आम जनता के लिए एक अबूझ पहेली बन गई है. न तो स्पष्ट तौर पर यह बताया गया है कि टैक्स किससे वसूलना है और न ही वसूली करने वाले कर्मियों की पहचान सुनिश्चित करने के कोई पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं. सूत्रों के अनुसार, साप्ताहिक हाट में दुकान लगाने वाले व्यवसायियों से टैक्स लेने का प्रावधान है. लेकिन यहां कोई पार्किंग स्थल निर्धारित नहीं है, फिर भी चार पहिया निजी वाहनों से टैक्स की मांग की जा रही है. शनिवार को ऐसी ही एक घटना सामने आई जब एक युवक ने निजी वाहन चालक से टैक्स की मांग करते हुए खुद को नगर परिषद से अधिकृत बताया, और जब मना किया गया तो ₹गुटखा खाने के लिए दस रुपये₹ की मांग कर बैठा. विरोध होने पर युवक वहां से हट गया.

### कोल वाहन की चपेट में आने से पिता की मौत, पुत्र घायल

- ग्रामीणों ने किया पिपरवार-टंडवा मार्ग जाम, कोल वाहनों पर प्रतिबंध की मांग

**पिपरवार (चतरा)।** पिपरवार थाना क्षेत्र के कल्याणपुर महादेव नाला के पास एक तेज रफ्तार हाइवा डंपर ने स्कूटी सवार पिता-पुत्र को कुचल दिया. इस दर्दनाक हादसे में पिता की मौत हो गई, जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया. मृतक की पहचान रांची के हातमा निवासी मनोज कुमार राणा के रूप में हुई है, जबकि घायल पुत्र का नाम बंटी कुमार राणा है. जानकारी के अनुसार, मनोज राणा अपने पुत्र के साथ स्कूटी (JH 01 FBH 8536) से रांची से सराडू (टंडवा) जा रहे थे. इसी दौरान हाइवा डंपर (JH 24J 7316) ने उन्हें टक्कर मार दी. स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को बचरा अस्पताल ले जाया गया, जहां से रांची रेफर किया गया. रांची पहुंचने पर मनोज राणा की मौत हो गई, जबकि बंटी का इलाज जारी है और हालत चिंताजनक बनी हुई है.

### दुर्गा पूजा के लिए ज्योति संघ की कमेटी गठित

**गुमला।** ज्योति संघ गुमला की आम बैठक शुक्रवार कर देर शाम अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई. जिसमें हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा 2025 का निर्णय लिया गया. कोषाध्यक्ष नितेश कुमार लाल द्वारा वर्ष 2024 के आय-व्यय के प्रस्तुत ब्योरा को ध्वनि मत से पारित किया गया. अध्यक्ष ने पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी के पुनर्गठन की घोषणा की. नए वर्ष के लिए पुरानी कमेटी को यथावत रखे जाने की सदस्यों ने सहमति दी. बैठक में अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष राकेश कुमार व अशोक कुमार साहू, सचिव मोहित कुमार गुप्ता, सह सचिव शुभम कुमार लाल व अमित कुमार प्रसाद, कोषाध्यक्ष संजय कुमार, क्लब सचिव नितेश कुमार लाल, अंकेक्षक अक्षय कुमार सिंह, कानूनी सलाहकार ओमप्रकाश बाबूलाल तथा कार्यकारिणी सदस्य राधेश्याम पाल सिंह, उदय प्रताप ओहदार, शुभंकर स्वेता, अरुण गोयल, डॉ. सतीश पाठक, सौरभ कुमार, रोमिल शंकर एवं नीतीश कुमार शामिल थे.

### बच्चों को मिला स्कूल बैग, स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित

**पिपरवार ।** सीसीएल के अर्पिता महिला मंडल के निर्देश पर मगध परियोजना की संघमित्रा महिला समिति द्वारा मासीलौंग मिडिल स्कूल में एक सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम के दौरान समिति की अध्यक्षा श्रीमती विभानाथ के नेतृत्व में स्कूली बच्चों के बीच 75 स्कूल बैग एवं नाश्ते के पैकेट का वितरण किया गया. इस अवसर पर समिति की ओर से स्कूल परिसर में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीण पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए. उनकी स्वास्थ्य जांच के साथ निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं. कार्यक्रम में महिला समिति ने उपस्थित कई महिलाओं और युवतियों के बीच सेनेटरी पैड का भी वितरण किया. इस अवसर पर संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्रीमती विभानाथ ने कहा कि सीसीएल न सिर्फ उत्पादन में अग्रणी है, बल्कि सामाजिक और जनकल्याण के कार्यों को भी गंभीरता से लेता है.

### डॉ. रामेश्वर उरांव ने किया जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

## कार्यकर्ताओं से मिले, लोगों की समस्याओं का समाधान भी किया

**शुभम संदेश । लोहरदगा**



पूर्व मंत्री, सह आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति के सभापति और स्थानीय विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव बरवा टोली स्थित अपने विधायक कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने आमजन और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी विभिन्न समस्याओं को सुना और उनका समाधान किया. इस अवसर पर ग्रामीणों ने बिजली, सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना और राशन कार्ड से जुड़ी समस्याओं के लिए आवेदन प्रस्तुत किए.

विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारियों से संपर्क कर समस्याओं के समाधान की दिशा में कदम उठाए. उन्होंने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से जनता की सभी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गठबंधन सरकार द्वारा संचालित सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ हर नागरिक तक पहुंचाना प्राथमिकता है. डॉ. उरांव ने कहा कि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ सामाजिक जरूरतों को भी पूरा किया जाएगा. उन्होंने बताया कि विधायक निधि के तहत विभिन्न विकास कार्य प्रगति पर हैं और इससे क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो रहा है. कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, शहादत हुसैन, विशाल डुंगडुंग, सीमा प्रवीण, संजय नायक, हाजी सिकंदर अंसारी, अरशद अयूब, संतोषी उरांव, कैश आलम, कमरूल इस्लाम, हलीम अंसारी, रेहान अख्तर, एकरामुल अंसारी, इकबाल खान, वारिस अंसारी, अफरोज आलम, अबू रेहान, रौनक इकबाल, अंसार अहमद, समीम अंसारी, नयूम खान, सकीम अंसारी, राम भंडारी उरांव, हसबुल खान, मनीष उरांव, अमनी उरांव, सलाउद्दीन अंसारी, सुखेन्द्र महतो, अभिषेक कुमार, दानिश अली, जुनैद अंसारी, राजेश लाल, वीरेंद्र पाहन, उमेश पाहन, विनोद उरांव, लखन उरांव, प्रकाश उरांव, राजेंद्र उरांव, संजय उरांव, पुनीता उरांव, सरिता देवी, बबीता देवी, तौसिफ आलम, जसीम अंसारी, बबलू मुंडा समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे. इस कार्यक्रम से स्थानीय जनता को अपनी समस्याएं सीधे विधायक के सामने रखने और समाधान पाने का अवसर मिला, जिससे जनभागीदारी और शासन के बीच बेहतर संपर्क स्थापित हो सकेगा.

### लातेहार में वज्रपात से भैंस की मौत

**लातेहार।** जिले के गोवा गांव में शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे वज्रपात की घटना सामने आई, जिसमें एक भैंस की मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के निवासी सरजू सिंह अपने मवेशियों को चराने ले गए थे. इस दौरान अचानक मौसम में बदला और तेज गर्जना के साथ वज्रपात हुआ.इसी दौरान उनकी एक भैंस इसकी चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई. ग्रामीणों ने बताया कि घटना के समय क्षेत्र में तेज बारिश हो रही थी और लोग घरों के अंदर शरण लिए हुए थे. हालांकि, सरजू सिंह को किसी प्रकार की शारीरिक क्षति नहीं पहुंची, लेकिन भैंस की मौत से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है.पशुपालन विभाग के अधिकारियों से भी आग्रह किया गया है कि नुकसान की भरपाई के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए. ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह की घटनाएं बारिश के मौसम में अक्सर होती हैं, इसलिए किसानों और पशुपालकों को जागरूक किया जाना जरूरी है.

## 450 से अधिक ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच, हेरिटेज फाउंडेशन के शिविर में एक दर्जन डॉक्टरों ने दी सेवा

**शुभम संदेश । गुमला**



द एशियन हेरिटेज फाउंडेशन द्वारा शनिवार को टैंसेरा में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में एक दर्जन से अधिक डाक्टरों की टीम ने लगभग साढे. चार सौ मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की.

डाक्टरों ने मरीजों को चिकित्सीय परामर्श दिए और आवश्यकता के अनुरूप निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया. गुमला सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा. अनुपम किशोर के नेतृत्व में गुमला और रांची के डाक्टरों की टीम टैंसेरा पहुंचे जहां नेशनल हेरिटेज फाउंडेशन के ट्रस्टी कार्यक्रम समन्वयक प्रभु साहु ने सभी डाक्टरों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया. कहा कि विलुप्त हो रही सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और विकसित करते हुए युवक युवतियों को आत्मनिर्भर बनाते हुए समाज के मुख्य धारा से जोड़ना फाउंडेशन का उद्देश्य है.

मानवता की सेवा के दृष्टिकोण से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है. शिविर में गुमला और रांची के प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों को स्वास्थ्य की जांच कर निःशुल्क दवा व परामर्श की व्यवस्था की गई है. जांच शिविर में डा.अनुपम किशोर, डा.सतीश, डा.सुधांशु, डा.अंकुर, डा.सुबोध कुमार सिंह, डा.गोपाल कुमार सिंह, डा. एम सेराज अली, डा. नवीन चतुर्वेदी, डा. राहुल, डा. अंशुकिता आदि ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की.

## इटकी में बारिश बनी आफत, दर्जनों मकान जमींदोज, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**शुभम संदेश। इटकी**









प्रखंड क्षेत्र में दो दिनों से हो रही मूसलधार बारिश ने तबाही मचा दी है. लगातार बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं और खेतों में पानी भर गया है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है. बारिश की वजह से दर्जनों कच्चे मकान गिर गए हैं, कई घरों में पानी घुस गया है, जिससे जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है.

इटकी अखरा टोली में सनी उरांव के मकान की दीवार गिर गई, जबकि चरकु उरांव के कच्चे घर में पानी का रिसाव हो रहा है, जिससे मकान गिरने का खतरा बना हुआ है. कुर्गी गांव में मोईन कुरैशी का मकान गिरने से मलबे में दबकर सिकंदर कुरैशी का एक मवेशी मर गया. वहीं संजय गोप, हओरी केरकेट्टा, पार्वती कुजूर, झिबले देवी, सुनामी केरकेट्टा और सुगी केरकेट्टा जैसे कई लोगों के घर बारिश की वजह से पूरी तरह से ढह गए हैं.

इधर मल्टी गांव के इस्माइल अंसारी, नेजाम अंसारी, मुमताज, शमशाद, शमशेर और परवेज के मकान भी गिर गए हैं. इन घरों में रखे खाद्य सामग्री, कपड़े, बिस्तर और जरूरी दस्तावेज भीग कर पूरी तरह से बर्बाद हो चुके हैं. प्रशासन की ओर से फिलहाल राहत और बचाव की कोई खबर नहीं है, जिससे ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है.

**सोनाहातू :** क्षेत्र में दो दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण स्वर्णरेखा नदी उफान पर है. इससे बारेंदा पंचायत स्थित ऐतिहासिक सतीघाट का गंगा मंदिर जलमग्न हो गया. शनिवार सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर की सलामती की प्रार्थना करने पहुंचे. बता दें कि इससे पहले भी 1 अगस्त 2023, 3 अगस्त 2024, 17 सितंबर 2024 और 19 जुलाई 2025 को भी इसी तरह गंगा मंदिर पानी में डूब चुका है. नदी का नजारा देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी.

## एक नजर

### बारिश से तबाही दामोदर व सपही नदी में आई बाढ़

**पिपरवार (चतरा) ।** पिपरवार और आस-पास के ग्रामीण इलाकों में पिछले 50 घंटे से लगातार हो रही तेज बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है. लगातार बारिश से क्षेत्र में जलजमाव की स्थिति बन गई है और कई ग्रामीण घरों में पानी घुस गया है. कुछ स्थानों पर कच्चे मकान गिरने की सूचना भी मिली है.बारिश का असर कोयलांचल क्षेत्र की नदियों पर भी दिख रहा है. दामोदर, सपही और गहरी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है. शुक्रवार को दामोदर नदी में आई बाढ़ से टेढ़ी पुल के ऊपर से पानी बहने लगा. वहीं शनिवार सुबह सपही नदी में भी बाढ़ आ गई, जिससे छलटा और टेढ़ी पुल से आवागमन पूरी तरह बंद हो गया.लगातार बारिश से कोयला खदानों में भी कामकाज प्रभावित हुआ है. कीचड़ और जलभराव के कारण खदान क्षेत्र में भारी मशीनों का संचालन रोक दिया गया है, वहीं ट्रांसपोर्टिंग कार्य भी बाधित हो गया है. बचरा रेलवे पुल और बस्ती रेलवे पुल में भी पानी का बहाव तेज हो गया है. कई बाइक सवार जान जोखिम में डालकर बाढ़ग्रस्त इलाकों से गुजरते देखे गए. मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए लोग सतर्क हैं.

### रानीखटंगा में कांग्रेस की नई कमेटी का गठन

**इटकी।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी व रांची जिला कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार शनिवार को इटकी प्रखंड के गढ़गांव पंचायत में नरेश साहू के आवास और रानीखटंगा पंचायत में रेलवे स्टेशन के पास संगठन सृजन कार्यक्रम आयोजित हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रमेश महली ने की. इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अबू माज, बबलू गुप्ता, फिरोज मंसूरी, एतवा उरांव, राजन किस्पोट्टा, उरूज अंसारी और हुसैन अंसारी उपस्थित रहे. बैठक में सर्वसम्मति से गढ़गांव पंचायत से घूमा सिंह और रानीखटंगा पंचायत से सुनील मिंज को ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया. दोनों पंचायतों से दो-दो उपाध्यक्ष और नौ-नौ महासचिव भी बनाए गए.

### खेल दिवस पर पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**पांडू ।** राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में प्रखंड संसाधन केंद्र, पांडू में शनिवार को प्रखंड स्तरीय पेंटिंग, क्विज और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक अनुपम तिवारी की देखरेख में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ. पेंटिंग प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में पीएमश्री स्त्रोत +2 उच्च विद्यालय रत्नाग की कक्षा 5 की छात्रा अर्चना कुमारी ने प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया. बालक वर्ग में अक्षय शर्मा, जो UMS तीसरीबार खुर्द के कक्षा 6 के छात्र हैं, ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. भाषण प्रतियोगिता में पीएमश्री +2 हाईस्कूल रत्नाग की कक्षा 10 की छात्रा काजल कुमारी प्रथम स्थान पर रहीं, जबकि राजकीय +2 उच्च विद्यालय पांडू की सोनिया प्रवीण ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. क्विज प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में रत्नाग +2 हाईस्कूल की प्रीति कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. नैना कुमारी (राजकीय मध्य विद्यालय पांडू) ने द्वितीय और राधा कुमारी (राजकीय मध्य विद्यालय कुलिया, कक्षा 8) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया.

### बाल विवाह रोकने के लिए टीम गठन का निर्देश, डीसी डॉ. ताराचंद ने बाल संरक्षण कार्यों की की समीक्षा

**लोहरदगा ।** उपायुक्त डॉ. ताराचंद की अध्यक्षता में बाल संरक्षण विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में मिशन वात्सल्य योजना, सामाजिक जांच प्रतिवेदन, व्यक्तिगत देखरेख योजना, गृह जांच योजना, गैर-संस्थानिक देखरेख सेवाएं (जैसे स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर, आफ्टर केयर), बाल कल्याण समिति की कार्यशैली, और जिले में संचालित होप व अन्य संस्थाओं की गतिविधियों की समीक्षा की गई. बैठक के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को बिंदुवार आवश्यक निर्देश दिए और बाल संरक्षण कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर बल दिया. डॉ. ताराचंद ने निर्देश दिया कि एक विशेष टीम का गठन किया जाए जो बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई कर सके. उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर वार्ड सदस्यों की सहायता से स्थानीय टीमों का भी गठन किया जाना चाहिए ताकि सूचना मिलते ही समय रहते हस्तक्षेप किया जा सके. साथ ही उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 को आम जनता तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि किसी भी तरह की सामाजिक कुरीति को खत्म करने में जन सहभागिता और जागरूकता जरूरी है. बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक प्रमोद दास, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष कुंती साहू समेत विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि व समिति सदस्य उपस्थित थे.

## पेज एक का शेष

### दीमा हसाओ का सबक : कौंसिल नहीं ग्राम सभाएं हों सर्वोपरि

वन अधिकार कानून 2006 के तहत वनाश्रित समुदायों की अनापत्ति एक महत्वपूर्ण प्रावधान है. तीसरा सबक है कि स्वायत्त परिषदें अक्सर राजनीतिक सौदेबाज़ी और भ्रष्टाचार का अड्डा बन जाती हैं. इससे आदिवासी समाज की सामूहिकता कमजोर होती है. अगर झारखंड में छठी अनुसूची जैसी व्यवस्था लागू होती है, तो ग्राम सभा की शक्ति कम हो जाएगी और सीधे-सीधे कॉर्पोरेट और राजनीतिक दलों की पकड़ मज़बूत होगी.

पारंपरिक व्यवस्था का सम्मान नहीं : छठी अनुसूचित क्षेत्र में गांव स्तर पर पारंपरिक व्यवस्था है. दीमा हसाओ में 'गांव बूढ़ा' गांव का परंपरागत प्रधान है. जमीन पर बसे परिवारों से राजस्व वसूलने और राशि को डिस्ट्रिक्ट ऑटोनॉमस कौंसिल में जमा करने की जिम्मेदारी 'गांव बूढ़ा' की है. जमीन का स्वामित्व सामुदायिक है और कौंसिल गांव की जमीन का कस्टोडीयन है. प्रथागत कानून से जमीन के हस्तांतरण का प्रावधान है. लेकिन जमीन समुदाय से बाहर हस्तांतरित किये जाने का नियम नहीं है. प्रथा के मुताबिक गांव की सभा की बैठक और 'गांव बूढ़ा' की सहमति के बगैर जमीन का आवंटन, हस्तांतरण या खनन की मंजूरी नहीं मिल सकती है. जमीन, खनन तथा प्रथा पर नियम बनाने का अधिकार कौंसिल को है. भूमि आवंटन और हस्तांतरण पर अंतिम फैसला कौंसिल द्वारा लिए जाने का प्रावधान है. छठी अनुसूचित क्षेत्र में प्रथागत कानून का लिंक जमीन से संबंधित केन्द्रीय कानून से नहीं है इसलिए कई बार कौंसिल अपने हिसाब से निर्णय लेता रहता है.

उत्तर पूर्व के छठी अनुसूची क्षेत्र के इस जिले में स्वायतशासी परिषदों का दायित्व है कि वह स्थानीय आदिवासी समुदायों की हितों की रक्षा के लिए निर्णय ले और प्रथागत कानूनों के हिसाब से अभिशासन चलाए. आदिवासी समुदायों की रुढ़ि, परंपरा, रीति-रिवाज़ और विवादों का निबटारा पारंपरिक न्याय पद्धति से करे. कौंसिल को राज्य के भीतर लघु राज्य माना जाता है. क्योंकि परिषद के पास आदिवासी हितों की रक्षा के लिए कानून बनाने और उसे लागू करने की वैधानिक ताकत संविधान से मिली हुई है.

नॉर्थ ईस्ट सोशल ट्रस्ट (नेस्ट) के चेयरपर्सन तसादुक अरिफुल हुसैन कहते हैं कि छठी अनुसूचित क्षेत्रों में स्वायत्त जिला परिषदों सार्थकता तभी होगी जब गांव के स्तर पर मजबूत लिंक हो और उसे पाँचवीं अनुसचित क्षेत्र की ग्राम सभाओं की तरह कानूनी ताकत मिले. कौंसिल का निर्णय तभी मान्य हो जब ग्राम सभाओं की अनुशंसा हो. जमीन के मामले में प्रथागत कानून है लेकिन कौंसिल अपने हिसाब से सबकुछ चलाता है. दीमा हसाओ स्वायत्तशासी जिला परिषद की जिम्मेदारी है कि वह स्थानीय आदिवासी समुदायों की परंपरा, रीति-रिवाज़ और प्रथागत कानूनों के हिसाब से अभिशासन चलाए. परिषद के पास विधायिका और कार्यपालिका की शक्ति है. आदिवासी समुदायों की सहभागिता और हित को कौंसिल के लिए कानूनन सर्वोपरि रखता है. लेकिन स्वायत्त परिषद की सत्ता के केंद्रीकरण और राजनीतिक दवाब के चलते स्थानीय आदिवासियों के हित दूसरे स्थान पर चले जाते हैं. खनन, उद्योग और भूमि आवंटन जैसी संवेदनशील परियोजनाओं में पारदर्शिता और स्थानीय भागीदारी की कमी स्पष्ट रूप से दिखती है. परिषदें केवल राजनीतिक और आर्थिक सौदेबाज़ी का माध्यम बनती जा रहीं हैं. परंपरागत सभा और स्थानीय समुदायों की ताकत कमजोर होती जा रही है. इसलिए झारखंड में आदिवासी अधिकारों के संरक्षण, पारदर्शिता और स्थानीय भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए पेसा और ग्राम सभा जैसी लोकतांत्रिक संरचनाओं को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है. स्वायत्त जिला परिषद की स्थापना केवल तभी फायदेमंद होगी, जब यह आदिवासी समुदाय के हितों के प्रति संवेदनशील और जवाबदेह होगी, न कि केवल राजनीतिक और आर्थिक लाभ का माध्यम. असम के दीमा हसाओ जिले का इतिहास और प्रशासनिक संरचना इस मामले को समझने में मदद करती है. 29 अप्रैल, 1952 को उत्तरी कछार हिल्स जिला परिषद की स्थापना संविधान की छठी अनुसूची के अनुच्छेद 244(2) के तहत हुई थी. बाद में इसे स्वायत्त परिषद का दर्जा मिला और 30 मार्च, 2010 को इसका नाम बदलकर दीमा हसाओ रखा गया. इस जिले में 13 जनजातियां रहती हैं, जो कुल आबादी का लगभग 71 प्रतिशत हैं. दिमासा, कुकी, ज़ेमे, हमार और कार्बी प्रमुख जनजातीय समूह हैं.

